**NEWS CLIPPING: 28.01.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# पूर्व विद्यार्थी विश्वविद्यालय का अहम हिस्सा

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय की ओर से स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के परास्नातक विद्यार्थियों के लिए एल्युमनाई मीट का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2002 से 2019 बैच के 150 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के साथ जोड़ना और विकास में भागीदार बनाना था।



जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार भारद्वाज को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए ● जागरण

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और विशिष्ट अतिथि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण में सलाहकार अनिल कुमार भारद्वाज ने किया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। पूर्व विद्यार्थियों के संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने भूतपूर्व विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षक व विद्यार्थियों के बाद भूतपूर्व छात्र ही है, जिसके कारण विश्वविद्यालय की पहचान होती है। एक विद्यार्थी के साथ उसके शिक्षण संस्थान का नाम पूरी जिंदगी उसी तरह जुड़ा रहता है, जैसे उसके माता-पिता का नाम। विश्वविद्यालय अपने पूर्व विद्यार्थियों को एल्युमनाई पोर्टल के माध्यम से मंच प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग पांच हजार एल्युमनाई इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा चुके है। अनिल कुमार भारद्वाज ने विभिन्न क्षेत्रों विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया तथा प्रशंसा की।

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 28.01.2019**

**AMAR UJALA**


अमर उजाला | फरीदाबाद | amarujala.com | नई दिल्ली | सोमवार, 28 जनवरी 2019 | 6


# पूर्व छात्रों ने कामयाबी के अनुभव साझा किए

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में पहली बार पीजी विद्यार्थियों के लिए एल्युमनाई मीट का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो


**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए एल्युमनाई मीट का आयोजन किया गया। इस मीट में वर्ष 2002 से 2019 बैच के 150 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के साथ जोड़ना और विकास में भागीदार बनाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और विशिष्ट अतिथि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण में सलाहकार (प्रसारण व केबल सेवा) अनिल कुमार भारद्वाज ने किया। भारद्वाज वाईएमसीए इंजीनियरिंग कॉलेज के भूतपूर्व विद्यार्थी भी रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के

### 2002 से 2018 बैच के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति ने भूतपूर्व विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षक व विद्यार्थियों के बाद भूतपूर्व छात्र ही है, जिसके कारण विश्वविद्यालय की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि एक विद्यार्थी के साथ उसके शिक्षण संस्थान का नाम पूरी जिंदगी उसी तरह जुड़ा रहता है, जैसे उसके माता-पिता का नाम। इसलिए यह विद्यार्थी पर निर्भर करता है कि वह अपने मातृ संस्थान, जिससे उसने शिक्षा ग्रहण की है, उसके उत्थान में किस तरह से सहयोग करता है।

इससे पूर्व, एलुमनाई व कार्पोरेट अफेयर सेल के निदेशक डॉ. संजीव गोयल ने सभी पूर्व विद्यार्थियों का कार्यक्रम में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय व पूर्व विद्यार्थियों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के साथ-साथ उनकी रोजगार व उपलब्धियों संबंधी जानकारी को साझा करना है।




जेसी बोस विश्वविद्यालय की पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह में छात्रों को सम्मानित करते कुलपति दिनेश कुमार।

**NEWS CLIPPING: 28.01.2019**

**HINDUSTAN**

# 150 पूर्व छात्र एक मंच पर दिखे

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में रविवार को स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव पर स्नातकोत्तर छात्रों का एल्युमनाई मीट का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2002 से 2019 बैच के करीब 150 छात्रों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को एक मंच पर लाना था। इसका आयोजन एलुमनाई व कॉरपोरेट अफेयर सेल, इंडस्ट्रीज रिलेशन्स सेल तथा ट्रजेनिंग और प्लेसमेंट विभाग के संयुक्त प्रयास से किया गया था।



जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो . दिनेश कुमार ने दूरसंचार नियामक प्राधिकरण में सलाहकार अनिल कुमार भारद्वाज को स्मृति चिह्न दिया। • हिन्दुस्तान

इसका शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण में सलाहकार (प्रसारण व केबल सेवा) अनिल कुमार भारद्वाज मौजूद रहे। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी एल्युमनाई पोर्टल के माध्यम से एक मंच प्रदान करने का काम कर रहे हैं।

**NEWS CLIPPING: 28.01.2019**

**PUNJAB KESARI COM**

# पूर्व छात्रों ने साझा किए अपने अनुभव

फरीदाबाद, 27 दिसम्बर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए एल्युमनाई मीट का आयोजन किया गया। इस मीट में वर्ष 2002 से 2019 बैच के 150 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के साथ जोड़ना और विकास में भागीदार बनाना था।पूर्व विद्यार्थियों के संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने भूतपूर्व विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षक व विद्यार्थियों के बाद भूतपूर्व छात्र ही हैं, जिसके कारण विश्वविद्यालय की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि एक विद्यार्थी के साथ उसके शिक्षण संस्थान का नाम पूरी जिंदगी उसी तरह जुड़ा रहता है, जैसे उसके माता-पिता का नाम। इसलिए, यह यह विद्यार्थी पर निर्भर करता है कि वह अपने मातृ संस्थान, जिससे उसने शिक्षा ग्रहण की है, उसके उत्थान में किस तरह से सहयोग करता है क्योंकि जब एक संस्थान ख्याति हासिल करता है तो उसका प्रभाव उन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं छवि पर भी पड़ता है।



*प्रो दिनेश कुमार छात्रों को संबोधित करते हुए।*

**NEWS CLIPPING: 28.01.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

## पुराने स्टूडेंट्स ने सांझा किए अपने अनुभव

**■ वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद** : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) द्वारा मनाए जा रहे स्वर्ण जयंती वार्षिक उत्सव में एल्युमनाई मीट का आयोजन किया गया। इस मौके पर साल 2002 से 2018 बैच के 150 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुराने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के साथ जोड़ना और विकास में भागीदार बनाना था।

एल्युमनाई मीट का आयोजन विश्वविद्यालय के एल्युमनाई व कारपोरेट अफेयर सेल, इंडस्ट्री रिलेशन्स सेल तथा ट्रेनिंग व प्लेसमेंट विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण में सलाहकार (प्रसारण व केबल सेवा) अनिल कुमार भारद्वाज ने किया। पुराने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दिनेश कुमार ने पूर्व विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षक व विद्यार्थियों के बाद पूर्व छात्र ही है, जिसके कारण विश्वविद्यालय की पहचान होती है। विश्वविद्यालय अपने पूर्व विद्यार्थियों को एल्युमनाई पोर्टल के माध्यम से मंच प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग पांच हजार एल्युमनाई इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा चुके है।